रजिस्टर्ड

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर।

पत्र संख्या: ज0सू0ऑनलाइन- 109/2025/SPMZR/R/2025/60112 दिनांक 2 जून ,2025

**आवेदक श्री योगी एमपी सिंह निवासी मुहल्ला सुरेखापुरम जबलपुर रोड मीरजापुर पिन कोड- 231001**

कृपया आप अपने आवेदन पत्र दिनांकित 11.05.2025 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से जनसूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत अपेक्षित सूचना उपलब्ध कराये जाने विषयक है। आप द्वारा अपेक्षित सूचना के क्रम मे थाना कोतवाली कटरा, जनपद मीरजापुर से सूचना प्राप्त की गई, प्राप्त सूचना/आख्या संलग्न कर प्रेषित है।

तद्नुसार आप अवगत हों।

**संलग्नक -** वर्क

क्षेत्राधिकारी नगर
जनपद मीरजापुर

**प्रतिलिपि** – जनसूचना.अधिकारी कार्यालय पुलिस अधीक्षक मीरजापुर को अपने पत्र संख्या ज0सू0ऑनलाइन-109/2025/SPMZR/R/2025/60112 दिनांकित 17.05.2025 के संदर्भ मे सादर सूचनार्थ प्रेषित।

75.

रिपोर्ट थाना कोतवाली कटरा जनपद मीरजापुर

सेवा में,

श्रीमान् अध्यक्ष महोदय,
केन्द्रीय प्रत्यक्षकर बोर्ड (CBDT),
नई दिल्ली

विषय - मु0अ0सं0 291/23 धारा 420 भादवि व 66सी व 66डी आईटी एक्ट थाना को0 कटरा जनपद मीरजापुर के वादी एम.पी.सिंह को आयकर विभाग द्वारा जारी किये गये नोटिस के सम्बन्ध में,

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि मुकदमा उपरोक्त की विवेचना मुझ निरीक्षक द्वारा सम्पादित की जा रही है। मुकदमा के वादी श्री महेश प्रताप सिंह पुत्र स्व0 राजेन्द्र प्रताप सिंह निवासी सुरेकापुरम कालोनी जबलपुर रोड, श्री लक्ष्मी नारायण बैकुण्ठनाथ महादेव मंदिर थाना को0 कटरा जनपद मीरजापुर को आयकर विभाग द्वारा वादी की मेल आईडी पर तीन नोटिस भेजा गया था जो इस प्रकार है-

1. दिनांक 28.03.22 AY-2021-22, FY 2020- 21 GST purchases Rs. 481, purchases of securities and unit of mutual fund rs. 300, Rent received Rs. 11934974, Sale of securities and units of mutual fund- Rs. 300

2. दिनांक 13.03.2023 AY 2023- 24 , FY 2022- 23 Business receipts Rs. 14904041, GST purchases Rs. 59933331, GST Turnover Rs.86369295

3. दिनांक 22.12.2023 AY 2023- 24, FY 2022- 23, Business receipts Rs. 46576920, GST purchases Rs.122099234 , GST Turnover Rs.163292127, Rent received Rs. 11909381,

उक्त प्रकरण में वादी मुकदमा के पैन कार्ड नं0 GSWPS0850Q का प्रयोग कर अज्ञात खाते खोलकर लेन देन किया गया है वादी के पैन नं0 के आधार पर वादी की मेल आईडी पर उपरोक्त तीन नोटिस आयकर विभाग द्वारा भेजे गये थे। उक्त प्रकरण में वादी के पैन नं0 का प्रयोग अज्ञात द्वारा किया गया है जबकि वादी मुकदमा द्वारा आयकर विभाग को 24.12.23 को सूचित कराया गया कि वह आयकर सीमा में नहीं आता है उसका कोई व्यवसाय नहीं है। आयकर विभाग में जवाब दाखिल किया गया।

उक्त प्रकरण में पैन कार्ड नं0 GSWPS0850Q का प्रयोग करने वाले खाता, खाताधारकों व KYC व अन्य लाभप्रद जानकारी प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में पूर्व विवेचक द्वारा दिनांक 24.11.24 को आयकर विभाग इलाहाबाद को मेल के माध्यम से पत्राचार किया गया था जिस सम्बन्ध में आयकर विभाग द्वारा दिनांक 06.12.2024 को जबाव भेजा गया कि E Filing Portal पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार E Filing Account के PAN GSWPS0850Q के साथ कोई बैंक खाता लिंक नहीं है।

अतः अनुरोध है कि उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में डिटेल्स प्रदान किये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने तथा उक्त प्रकरण की जांच अलग से अपने स्तर से कराने की कृपा करें।

रिपोर्ट सादर सेवा में प्रेषित है।

09/01/25

थाना कोतवाली कटरा मीरजापुर

(जितेंद्र कुमार)
निरीक्षक/विवेचक
थाना कोतवाली कटरा
जनपद मिर्जापुर